56

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक Jagdamba Construction(Regd. No-1210423), At-Godhna Bachhwara, Dist-Begusarai, Pin-851111 के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 9244 दिनांक 28.08.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए निलंबित किये जाने के विरूद्ध दिनांक 22.09.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

31/10/2025.

## आदेश

संवेदक Jagdamba Construction(Regd. No-1210423), At-Godhna Bachhwara, Dist-Begusarai, Pin-851111 की ओर से संजय कुमार चौधरी एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, तेघड़ा उपस्थित।

प्रस्तुत मामला ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, तेघड़ा के अधीन MMGSUY योजनान्तर्गत निविदा (टेन्डर आई0डी0–139175) में संवेदक Jagdamba Construction को अयोग्य घोषित किये जाने के क्रम में संवेदक द्वारा पवन कुमार वरीय लेखा पदाधिकारी, कार्य प्रमंडल, तेघड़ा को जान से मारने की धमकी दिये जाने के कारण बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के तहत संवेदक Jagdamba Construction के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 9244 दिनांक 28.08.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए निलंबित किये जाने से संबंधित है।

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त विवरण निम्नरूपेण है:-

1. कार्य प्रमंडल, तेघड़ा के अधीन प्रश्नगत निविदा(टेन्डर आई0डी0–139175) में संवेदक Jagdamba Construction द्वारा भाग लिया गया।
2. उक्त निविदा में संवेदक द्वारा समर्पित Annual Turnover(Audit Report) की राशि का सत्यापन UDIN No. से कराने पर पाया गया Annual Turnover की राशि में अंतर है।
3. वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि संवेदक द्वारा निविदा में फर्जी Audit Report (फर्जी कागजात) समर्पित किया गया है।
4. निविदा में फर्जी कागजात समर्पित करने के कारण संदर्भित निविदा के तकनीकी बीड में अयोग्य घोषित किये जाने के क्रम में दिनांक 15.05.2025 को संवेदक द्वारा पवन कुमार वरीय लेखा पदाधिकारी, कार्य प्रमंडल, तेघड़ा को जान से मारने की धमकी दी गई।
5. उक्त कृत्य के कारण संवेदक Jagdamba Construction को बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 में निहित प्रावधान के तहत विभागीय सकारण ज्ञापांक 9244 दिनांक 28.08.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए निलंबित किया गया है।
6. प्रश्नगत निलंबन आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 22.09.2025 को अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया है।

संवेदक द्वारा सुनवाई के क्रम में उक्त कृत्य के संबध में अंतिम भूल मानते हुए क्षमायाचना की गई तथा भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहीं किये जाने का आश्वासन दिया गया।

वर्णित तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर संवेदक Jagdamba Construction(Regd. No-1210423) द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन पर विचार करते हुए विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 9244 दिनांक 28.08.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए निलंबित किये जाने की अवधि को घटाकर दिनांक 28.08.2025 से अगले 03(तीन) महीनों के लिए निलंबित किया जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

31/10/2025

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–97/2025 11318 /पटना, दिनांक– 10.11.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/ सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/11/25

(संजय कुमार)

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–97/2025 11318 /पटना, दिनांक– 10.11.25

प्रतिलिपि–सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–97/2025 11368 /पटना, दिनांक– 10.11.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

5/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–97/2025 11368 /पटना, दिनांक 10.11.25

निबंधित

प्रतिलिपिः–संवेदक Jagdamba Construction(Regd. No-1210423), At-Godhna Bachhwara, Dist-Begusarai, Pin-851111 को सूचनार्थ प्रेषित।

5/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–97/2025 11318 /पटना, दिनांक– 10.11.25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/11/25

सरकार के संयुक्त सचिव